आकाशवाणी, गोरखपुर

दिनांक–16 जून 2024 **सान्ध्य समाचार**

गोरखपुर दौरे के दौरान मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने आज सुबह गोरखनाथ मंदिर परिसर में जनता दर्शन का आयोजन कर करीब साढ़े तीन सौ लोगों से मुलाकात की। मुख्यमंत्री ने उनकी समस्याएं सुनीं और इसके निस्तारण के लिए संबंधित अधिकारियों को निर्देशित किया। जनता दर्शन में गंभीर बीमारियों के इलाज में आर्थिक मदद की गुहार लेकर पहुंचे लोगों को भरोसा दिया कि इलाज में भरपूर सहायता राशि उपलब्ध कराई जाएगी।

****

कुवैत में बीते दिनों हुए एक अग्नि हादसे में गोरखपुर के दो लोगों अंगद गुप्ता और जयराम गुप्ता की भी मौत हो गयी थी। कल उनके शवों को गोरखपुर लाकर अंतिम संस्कार किया गया। इस बीच आज मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने गोरखनाथ मंदिर में दोनों मृतकों के परिजनों से मुलाकात की और उन्हें पांच–पांच लाख रूपये की आर्थिक सहायता का चेक प्रदान किया। मुख्यमंत्री ने पिछले दिनों जम्मू के शिवखोड़ी में हुए आतंकी हमले में घायल गोरखपुर के श्रद्धालुओं से भी मुलाकात की। चार घायलों को उन्होंने एक–एक लाख रूपये की सहायता राशि प्रदान की ।

****

तीसरी बार प्रधानमंत्री बनने के बाद नरेंद्र मोदी 18 जून को अपने संसदीय क्षेत्र वाराणसी पहुंच रहे हैं। इस दौरे पर वे सम्मेलन के जरिए अन्नदाता किसानों से संवाद स्थापित करेंगे। साथ ही नौ करोड़ से अधिक किसानों के बैंक खातों में प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि की सत्रहवीं किस्त जारी करेंगे। किसान सम्मेलन को संबोधित करने के पश्चात प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी वाराणसी के काशी विश्वनाथ मंदिर मे दर्शन पूजन कर विश्व विख्यात गंगा आरती का भी अवलोकन करेंगे।

****

प्रदेश में गंगा दशहरा का पावन त्यौहार आज श्रद्धा भाव से मनाया जा रहा है। हर वर्ग के श्रद्धालु गंगा और अन्य पावन नदियों के तटों पर अपनी श्रद्धा अर्पित करने के लिए भोर से ही उमड़ पड़े हैं। गंगा दशहरा पर पेश है हमारे संवाददाता की एक रिपोर्ट।

त्योहार के मद्देनजर सुरक्षा व्यवस्था कड़ी कर दी गई है, गंगा दशहरा पर पुलिस नदी के किनारों और घाटों पर चौकसी बरत रही है। घाटों पर अतिरिक्त पुलिस और गोताखोरों को तैनात किया गया है। अमरोहा, मेरठ, कानपुर, फर्रुखाबाद, प्रयागराज, गाजीपुर और बलिया जैसे प्रमुख शहरों में गंगा नदी के घाटों पर सुबह से ही हजारों श्रद्धालु पहुंचने लगे। देश भर से होली में डुबकी लगाने के लिए आने वाले श्रद्धालुओं के लिए वाराणसी में सभी 84 घाटों पर विशेष व्यवस्था की गई थी। गंगा दशहरा को गंगावतरण भी कहा जाता है क्योंकि यह गंगा के पृथ्वी पर पवित्र अवतरण का उत्सव है, ऐसा माना जाता है कि यह इस शुभ दिन पर हुआ था। सुशील चंद्र तिवारी आकाशवाणी समाचार लखनऊ

****

देश में नये आपराधिक कानून एक जुलाई से लागू हो जायेंगे। इसके तहत भारतीय न्याय संहिता, बीएनएस दो हजार तेइस में चिकित्सकों को अनावश्यक उत्पीड़न से बचाने के लिए महत्वपूर्ण प्रावधान किए गये हैं। इस संहिता की धारा एक सौ छह, एक में यह उल्लेख है कि एक पंजीकृत चिकित्सक को चिकित्सकीय लापरवाही के लिए दो साल तक की कैद और जुर्माने से दंडित किया जाएगा। बीएनएस किसी भी चिकित्सा प्रक्रिया को निष्पादित करते समय जल्दबाजी या लापरवाही से मौत का कारण बनने वाले चिकित्सकों के लिए कम सजा का प्रावधान करता है।

****

संघ लोक सेवा आयोग की ओर से यूपीएससी सिविल सेवा दो हजार चौबीस प्रारंभिक परीक्षा आज प्रदेश के कई जिलों में विभिन्न परीक्षा केन्द्रों पर दो पालियों में संपन्न हुई। परीक्षा के लिए लखनऊ में सत्तासी और गोरखपुर में अड़तीस परीक्षा केंद्र बनाए गए थे। पहली पाली में सुबह साढ़े नौ बजे से साढ़े ग्यारह बजे तक और दूसरी पाली में दोपहर ढाई बजे से साढ़े चार बजे तक परीक्षा हुई। गौरतलब है कि यूपीएससी प्रारंभिक परीक्षा छब्बीस मई को होनी थी लेकिन आम चुनावों के कारण इसे सोलह जून तक के लिए टाल दिया गया था।

****

इक्कीस जून को मनाए जाने वाले अतर्राष्ट्रीय योग दिवस के उपलक्ष्य में कल से प्रदेश भर में योग सप्ताह का शुभारंभ हुआ है। इस सप्ताह के अंतर्गत आज दूसरे दिन भी सभी जिलों में आयोजित विभिन्न योग शिविरों में लोगों को आसन, ध्यान व प्राणायाम का अभ्यास कराया गया।

****

गंगा दशहरा पर्व पर आज मिर्जापुर जिले के चिल्ह थाना क्षेत्र के डिंगूर पट्टी गांव में गंगा नदी में स्नान करने गयी चार लड़कियां डूब गयीं। नदी के किनारे मौजूद लोगों ने दो लड़कियों को बचा लिया लेकिन अन्य दो की डूबने से मौत हो गयी। गोताखोरों की मदद से दो का शव नदी से बाहर निकाला गया। उधर बलिया के शिवपुर घाट पर स्नान करने आये चार युवक और एक युवती गंगा नदी में डूब गये। पुलिस स्थानीय नाविकों की मदद से उनकी तलाश कर रही है।

****

प्रदेश के सभी जिले इन दिनों भीषण गर्मी की चपेट में हैं। बीते चौबीस घंटों में कई जिलों में अधिकतम तापमान तैंतालिस डिग्री सेल्सियस के ऊपर दर्ज किया गया। दिन के साथ ही रात की गर्मी भी बरकरार है। इस बीच मौसम विभाग ने भीषण गर्मी को लेकर उन्नीस जून तक के लिए राज्य के सभी हिस्सों के लिए रेड अलर्ट जारी किया है। बीस जून से प्रदेश के कुछ हिस्सों में हल्की बारिश का दौर शुरू होने का अनुमान है।

****